
# बलूचों का जोरदार प्रदर्शन भाग खड़ी हुई पाक सेना

## न्यूज डायरी



### साउथ चाइना सी के एक और द्वीप पर सैन्य अड्डा बनाने की फिराक में ड्रैगन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मनीला। लद्दाख में भारतीय जमीन पर कब्जा करने की फिराक में लगे चीनी ड्रैगन ने पूरे साउथ चाइना सी पर कब्जा करने लिए अपनी मुहिम तेज कर दी है। चीन अब फिलीपींस से सटे स्कारबोरोघ शोअल द्वीप पर एयर और नेवल बनाने जा रहा है। चीन साउथ चाइना सी में बहुत जल्द ही हवाई रक्षा पहचान क्षेत्र बनाना चाहता है और इसमें शोअल द्वीप की बड़ी भूमिका होगी। चीन के इस कदम से अमेरिका के साथ उसके रिश्ते और ज्यादा बिगड़ सकते हैं। अमेरिकी टीवी चौनल सीएनएन ने रिटायर सीनियर जस्टिस एंटोनियो कार्पियो के हवाले से बताया कि चीन बहुत जल्द ही शोअल द्वीप पर हवाई और नौसैनिक अड्डा बनाने जा रहा है। एंटोनियो ने कहा, श्चीन ने जब संकेत दिया है कि वह हवाई रक्षा पहचान क्षेत्र बनाना चाहता है तो इसका केवल एक ही मतलब है कि चीन जल्द ही शोअल द्वीप पर एयर और नेवल बेस बनाने जा रहा है।

### पीएमएल–एन प्रमुख शहबाज शरीफ कोरोना वायरस से संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में विपक्षी पार्टी मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) के प्रमुख शहबाज शरीफ कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। उधर, देश में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या 119,536 हो गई है। पीएमएल–एन नेता अताउल्लाह तरार ने 68 वर्षीय शहबाज के संक्रमित होने की बृहस्पतिवार को पुष्टि की। उन्होंने दावा किया कि शहबाज धनशोधन के एक मामले में नौ जून को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के सामने पेश हुए थे और वह वहीं से संक्रमित हुए हैं। तरार ने कहा, '' एनएबी को कई बार लिखित में यह जानकारी दी गई थी कि शहबाज शरीफ कैंसर से पीड़ित रह चुके हैं और अन्य लोगों की अपेक्षा उनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है।'' उन्होंने कहा कि वायरस के खतरे को देखते हुए पीएमएल–एन प्रमुख पहले से ही अलग–थलग रह रहे थे लेकिन एनएबी की वजह से उन्हें घर से बाहर निकलना पड़ा।

### खैबर पख्तूनख्वा में विस्फोट में दो पाकिस्तानी सैनिकों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेशावर। अफगानिस्तान की सीमा के निकट पाकिस्तान के अशांत उत्तरी वजीरिस्तान जिले में अज्ञात आतंकवादियों द्वारा सड़क पर बारूदी सुरंग के जरिए किए गए बम विस्फोट में पाकिस्तान के कम से कम दो सैनिकों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि आतंकवादियों ने खैबर पख्तूनख्वा के मीरानशाह शहर में बुधवार को गश्त कर रहे सैनिकों के वाहन को बारूदी सुरंग के जरिए निशाना बनाया। सेना ने बयान में कहा कि दो सैनिकों की मौत हो गई है और दो अन्य इस हमले में घायल हो गए। अभी तक किसी भी आतंकी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन अफगानिस्तान की सीमा से लगने वाले क्षेत्रों में तालिबान इस तरह के हमले करता रहा है और किसी समय यह उसका गढ़ हुआ करता था।

### जॉनसन ऍंड जॉनसन का दावा– बना लिया कोरोना का टीका, सितंबर में ट्रायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। कोरोना वायरस के इलाज की खोज से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। अब जॉनसन ऍंड जॉनसन कंपनी ने आशा की नई किरण दिखाई है। कंपनी ने कहा है कि उसने कोरोना वायरस के इलाज के लिए संभावित टीके (बवतवदं अंबबपदम दमू) की पहचान की है जिसका सितंबर महीने में इंसानों पर टेस्ट किया जाएगा। कंपनी का कहना है कि यह अगले साल के शुरुआती महीनों में इमर्जेंसी यूज के लिए उपलब्ध भी हो सकता है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में बताया कि फार्मास्यूटिकल कंपनी ने अमेरिकी सरकार के बायोमेडिकल अडवांस्ड रिसर्च एंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है जो इस कोशिश में एक अरब डॉलर का निवेश करेगा। जॉनसन ऍंड जॉनसन ने जनवरी में एडी26 सार्स–सीओवी–2 पर काम करना शुरू किया था जिसपर अब भी जांच चल रही है।

---

**विरोध प्रदर्शन**

## बलूचिस्तान में बलूच लोगों ने जोरदार हिंसात्मक विरोध प्रदर्शन किया

■पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को अपनी पोस्ट छोड़कर भागना पड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच विद्रोहियों के खिलाफ क्रूर अभियान चला रही पाकिस्तानी सेना को बुधवार को घुटने टेकने के लिए मजबूर होना पड़ा। बलूचिस्तान के ब्राबचाह इलाके में बलूच लोगों ने जोरदार हिंसात्मक विरोध प्रदर्शन किया और पत्थरबाजी की। इसका परिणाम यह हुआ कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों को अपनी पोस्ट छोड़कर भागना पड़ा।



मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि इस विरोध प्रदर्शन में हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी शामिल हुए। बलूच प्रदर्शनकारियों ने चौतरफा विरोध के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की हालत खराब हो गई और उन्हें अपनी पोस्ट को छोड़कर हटना पड़ गया। बलूचों ने प्रदर्शन के दौरान सैन्य इमारत और वाहन को जला दिया है। पाकिस्तान की ईरान सीमा पर विद्रोहियों के खिलाफ दक्षिणपश्चिम बलूचिस्तान में बड़ा अभियान चलाया जा रहा है।

अरब न्यूज ने इंटेलिजेंस सूत्रों के हवाले से बताया है कि हिंसा को खत्म करने के लिए पाकिस्तानी सेना यह अभियान चला रही है। कई साल से ईरान और पाकिस्तान एक–दूसरे पर विद्रोहियों को खत्म करने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाने का आरोप लगाते आ रहे हैं। पिछले महीने पाकिस्तानी सेना की मीडिया ने सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की जानकारी दी थी। बलूचिस्तान में कई विद्रोही गुट सक्रिय हैं। आरोप लगाया जाता रहा है कि बलूच अलगाववादी यहां हिंसा कराते हैं।

**बलूच लिबरेशन आर्मी के खात्मे लिए अभियानः** एक इंटेलिजेंस ऑफिसर ने अरब न्यूज को नाम न छापने की शर्त पर बताया कि श्ग्राउंड जीरो क्लियरेंस ऑपरेशनश के तहत कार्रवाई की जा रही है। इलाके के लोगों ने भी ऐसी हलचल के बारे में बताया है। कुछ हफ्ते पहले सरकार के समर्थक एक नेता नवाबजादा जमाल खान रायसैनी ने कहा था कि पाकिस्तान की सेना ने बलूच लिबरेशन आर्मी और बलूच लिबरेशन फ्रंट को साफ करने के लिए अभियान चलाया है। उन्होंने कहा था कि कई आतंकियों को ढेर कर दिया गया और उनके ठिकाने उड़ा दिए गए।

इस बारे में पाकिस्तान के मंत्रियों ने साफ–साफ जवाब नहीं दिए हैं। बलूचिस्तान के गृहमंत्री मीर जिया उल्लह लंगूव ने ऑपरेशन के बारे में तो कुछ नहीं कहा लेकिन असरदार कदम उठाने की बात कही है। वहीं, एक और अधिकारी ने बताया कि कई निशाने हफ्तों पहले बना लिए गए थे और अब केच, पंजगुर और ग्वादर में छापेमारी की जा रही है।

इंटेलिजेंस ऑफिसर का कहना है कि पाकिस्तान ने पिछले साल मई से ईरान के साथ 900 किमी की सीमा पर कांटेदार दीवार लगानी शुरू कर दी थी जिससे विद्रोही परेशान हो गए हैं। इसलिए वे और ज्यादा हमले कर रहे हैं।

## संसद में भारत विरोधी नक्शे का किया विरोध, नेपाली सांसद के घर पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

उपद्रवियों ने सरिता के घर पर काला झंडा लगा दिया

काठमांडू। नेपाल के नए नक्शे के प्रस्ताव का नेपाली संसद में विरोध करनी वाली जनता समाजवादी पार्टी की सांसद सरिता गिरि के घर पर उपद्रवियों ने हमला किया है। उपद्रवियों ने सरिता के घर पर काला झंडा लगा दिया और देश छोड़ने की चेतावनी दी है। सरिता गिरी ने इस हमले के बारे में पुलिस को सूचना दी लेकिन कोई उनकी मदद के लिए नहीं पहुंचा।

जनता समाजवादी पार्टी ने भी उनसे किनारा कर लिया है। सरिता गिरि ने इस नए नक्शे को खारिज करने की मांग की है। उन्होंने संविधान संशोधन प्रस्ताव पर अपना अलग से संशोधन प्रस्ताव पेश किया है। उधर, जनता समाजवादी पार्टी ने सरिता के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है और संशोधन प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की है। उधर, सरिता ने मांग की है कि चूंकि नेपाल सरकार के पास नए नक्शे के लिए पर्याप्त प्रमाण नहीं है, इसलिए नक्शे में बदलाव के लिए लाए गए संशोधन प्रस्ताव को खारिज किया जाए।

इससे पहले बुधवार को अपने भाषण में नेपाली प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने भारतीय सेना पर नेपाल की जमीन पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया था।



## कर्ज में डूबा है पाक, इमरान का तंज– हम देंगे भारतीयों को पैसे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। कहते हैं कि घर में नहीं दाने और अम्मा चली भुनाने। कोरोना वायरस महासंकट के बीच भ्रष्टाचार और लापरवाही के आरोपों को लेकर अपने ही घर में बुरी तरह से घिरे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारत को मदद का ऑफर दिया है। इमरान खान ने एक रिपोर्ट के हवाले से दावा किया कि भारत में 34 प्रतिशत घर खाने के लिए बिना मदद के एक हफ्ते से ज्यादा समय तक नहीं चल सकते हैं। इमरान खान ने एक खबर का लिंक ट्वीट कर कहा, इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 34 प्रतिशत घरों में लोग बिना सहायता के एक सप्ताह से ज्यादा समय तक नहीं चल सकते हैं। मैं भारत की मदद और ट्रांसफर प्रोग्राम को साझा करने के लिए तैयार हूं।

## बिल्ली की दवा की एक खुराक ने खत्म किया कोरोना वायरस, जगी उम्मीद की किरण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अमेरिकी कंपनी ने इस दवा के इंसानों पर क्लिनिकल ट्रायल के लिए अनुमति मांगा है

पेइचिंग। कोरोना वायरस के कहर से जूझ रही दुनिया के लिए चीन से एक अच्छी खबर आई है। बिल्लियों में संक्रामक रोग के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवा GC376 ने प्रयोगशाला में हुए टेस्ट में कोरोना वायरस की बढ़त को रोक दिया। चीनी शोधकर्ताओं का यह दावा ऐसे समय पर आया है, जब इस दवा को बनाने वाली अमेरिका की कंपनी ने यूएस एफडीए के पास इस दवा के इंसानों पर क्लिनिकल ट्रायल के लिए अनुमति देने का अनुरोध किया है।

इस शोध का नेतृत्व करने वाले प्रफेसर झांग शुयांग ने कंप्यूटर मॉडल और प्रयोगशाला में परीक्षण के आधार पर कहा कि बिल्लियों की दवा GC376 का काफी अच्छा असर है और यह सुरक्षित दवा है। यह दवा Sars&CoV–2 वायरस के एक महत्वपूर्ण एंजाइम को बांध देती है जिसकी वजह से कोविड–19 का संक्रमण होता है। इस एंजाइम को डचतव कहा जाता है।

**एक खुराक से मिल रहा अधिकतम लाभः** Mpro एंजाइम प्रोटीन को तोड़ देता है और वायरस इस एमिनो एसिड का इस्तेमाल ब्लॉक्स बनाने में करता है। Mpro के बिना कोरोना वायरस अपनी नकल नहीं बना सकता है। चीनी वैज्ञानिकों ने पाया कि यह दवा कोरोना वायरस से संक्रमित कोशिकाओं के अंदर आसानी से घुस सकती है। इस दवा की मात्र एक खुराक से अधिकतम लाभ मिल रहा है। इससे यह दवा इंसानों के लिए काफी सुरक्षित लग रही है।

GC376 दवा को अमेरिकी कंपनी Anivive Lifescience ने तैयार किया है। यह दवा बिल्लियों में संक्रमण के रोकथाम के लिए दी जाती है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि कोरोना वायरस के मरीजों को यह दवा कब दी जाएगी। कंपनी ने कहा कि वह एफडीए के साथ मिलकर काम कर रही है। प्रफेसर चेन के अध्ययन में पता चला कि कोरोना वायरस खासतौर पर बिल्लियों के लिए खतरनाक है।

## ईशनिंदा के नाम पर पाकिस्तान में चलता है मौत का खेल, अब प्रफेसर अरेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। इस्लामिक मुल्क पाकिस्तान में एक विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रफेसर को बुधवार को ईशनिंदा के आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया। सिंध के खैरपुर इलाके में स्थित शाह अब्दुल लतीफ यूनिवर्सिटी के प्रफेसर साजिद सूमरू को अली मुराद इलाके में उनके घर से गिरफ्तार किया गया। मुस्लिम बहुल पाकिस्तान में ईशनिंदा एक ऐसा अपराध है जिसमें मौत की सजा हो सकती है या महज आरोप भर से कोई कट्टरपंथी भीड़ का शिकार हो सकता है। सूमरू के दोस्त और खैरपुर बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव वकील फयाज खामिसानी ने कहा, 'हमें बताया गया है कि उन्हें सरकार की एक शिकायत पर ईशनिंदा के मामले में गिरफ्तार किया गया है।' सूमरू सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक भी हैं और सिंधी–मुहाजिर एकता पर अपनी किताबों के लिए जाने जाते हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं और लेखकों ने उनकी गिरफ्तारी की निंदा करते हुए जांच की मांग की है। इससे पहले ईश निंदा के काले कानून का शिकार हुई ईसाई महिला आसिया बीबी को देश छोड़कर कनाडा में शरण लेनी पड़ी थी।